(2) अगर आवेदन पत्र सही पाया जाता है, तो वित्त मंत्रालय अर्थ कार्य विभाग आयातक और स्टेट बैंक आफ इण्डिया की नामित शाखा को अपेक्षित धन राशि के लिए प्राधिकरण जारी करेगा। वित्त मंत्रालय संबंधित यू० के० शाखा और मुख्य लेखाधिकारी भारत का उच्चायोग, लन्दन को भी उपयुक्त परामर्श देगा। लेकिन, यू० के० शाखा के लिए परामर्श, उनके प्राधिकरण पत्र के प्रति के साथ स्टेट बैंक आफ इन्डिया को नामित शाखा को भेज दिया जाएगा, और उन्हें चाहिए कि वे साख पत्र खोलते समय इसे यू० के० बैंक को प्रेषित कर दें।

(3) प्राधिकरण (वित्त मंत्रालय को अवगत कराते हुए) के जारी होने की तारीख से एक मास के भीतर साख पत्र खोल दिया जाना चाहिए। ऐसा नहीं करने की स्थिति में प्राधिकरण समाप्त हो जाएगा। साख पत्र में उन शर्तों का उल्लेख होना चाहिए जिसके लिए लाइसेंस दिया गया है, नीचे के खंड 5 में उल्लिखित सभी प्रलेखों के प्रस्तुतिकरण के बाद संभरकों को भुगतान के लिए व्यवस्था होनी चाहिए, भुगतान के बाद प्रलेखों के प्रेषण करने से संम्बधित अनुदेशों को पूरी तरह समाविष्ट करना चाहिए, और इसे इस शर्त के अधीन खोला जाना चाहिए, कि यू० के० में सम्बद्ध बैंक लाभ प्राप्त कर्त्ताओं को प्रारम्भिक रूप में उनकी अपनी निधि से भुगतान करने के बाद उसकी प्रतिपूर्ति मुख्य लेखाधिकारी, भारत का उच्चायोग, लन्दन के माध्यम से स्टेट बैंक आफ इंडिया लन्दन से प्राप्त करेगा। साख पत्र खोलने से सम्बंधित स्टेट बैंक आफ इण्डिया की नामित शाखा के अनुदेश वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए प्राधिकरण के पूर्णतया अनुरूप अवश्य होने चाहिए। किसी भी हालत में इसमें असंगठित नहीं होनी चाहिए।

(4) साख पत्र में स्पष्ट रूप से पहचान चिन्ह "यू० के० / भारत पूंजी निवेश ऋण 1971 के अन्तर्गत एन० एस० आई० सी० के लिए 10 लाख पौंड नियतन और उसमें" प्रत्यय "एन एस आई सी (71)" के साथ लाइसेंस संख्या भी शामिल होनी चाहिए।

खंड 5—प्रलेखन

(1) यह देखने की जिम्मेदारी आयातक की है कि यू० के० संभरक भेजे गए माल के लिए भुगतान की मांग करते समय यू०के० बैंक के लिए नीचे उल्लिखित प्रलेखों को पूरा करता है और प्रस्तुत करता

1. चार फोटो प्रतियां या अन्य किसी विधि से तैयार की गई प्रतियों के साथ मूल बीजक (बीजक में आयातक का नाम और पता : संभरित की गई प्रत्येक मद की मात्रा और विस्तृत विवरण सभी व्यापार छूटों को प्रतिबिम्बित करते हुए प्रत्येक मद के लिए विक्रय कीमत ; वितरण का आधार (लागत भाड़ा या लागत बीमा भाड़ा और किसी प्रकार की आनुषंगिक सेवाएं जिसमें वितरण या समुद्री या परिवहन बीमा सेवाएं शामिल हैं उसकी स्टर्लिंग लागत को दिखाना चाहिए) ।

2. महासागर या चार्टर-पार्टी लदान-पत्र की एक प्रति (या फोटोस्टेट) या वायुमार्ग बिल या डाक पारसल रसीद । (लदान पत्र वाहक के खर्चों का विवरण निर्दिष्ट करेगा चाहे इन खर्चों का भुगतान किसी मुद्रा में किया गया हो) ।

3. अनुबन्ध 4 में दिए गए प्रपत्र में भुगतान प्रमाण पत्र की चार प्रतियां (ऐसी संविदाओं के संबंध में इनकी आवश्यकता नहीं जिन के लिए अनुबन्ध - 2 (बी) में दिए गए प्रपत्र में एक संविदा प्रमाण-पत्र (रासायनिक) की पूर्ति की गई है । इस उद्देश्य के लिए, संभरक द्वारा भुगतान प्राप्त करते समय पूर्ण करने के लिए, निर्धारित प्रपत्र में भुगतान प्रमाण-पत्र के पांच खाली प्रपत्र साखपत्र के साथ संलग्न करने चाहिए ।

प्रत्येक दस्तावेज में, ऋण संख्या, आयात लाइसेंस का विस्तृत ब्योरा और यदि संभव हो, तो वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए साखपत्र प्राधिकरण के विवरण का प्रदर्शन अवश्य होना चाहिए ।

(2) यह सुनिश्चित करने के लिए कि यू० के० संभरकों द्वारा उपर्युक्त दस्तावेजीकरण की आवश्यकताएं नोट करली गई हैं और उनका अनुपालन किया गया है, भारत में प्राधिकृत मुद्रा विनिमय बैंक, साखपत्र खोलते समय आयातक की ओर से साखपत्र में आवश्यक शर्तें समाविष्ट करने का ध्यान रखेगा ।

(3) यू० के० संभरक को भुगतान हो जाने के बाद, यू० के० में व्यवसायी बैंक दस्तावेजों के मूल विनिमय सट को हवाई डाक द्वारा सम्बद्ध स्टेट बैंक आफ इंडिया की नामित शाखा को भेजेगा (भारतीय बैंक यू० के० सरकार को बैंक प्रभार प्रेषित करेगा और उसकी अदायगी आयातक से करेगा) इसके साथ ही साथ यू० के० बैंक मुख्य लेखाधिकारी, भारतीय उच्चायोग लन्दन से अपने द्वारा संभरकों को चुकाई गई धनराशि की प्रतिपूर्ति का दावा करेगा और इस उद्देश्य के लिए संभरकों से प्राप्त बीजकों को तथा जहां आवश्यक हो, अनुबद्ध - 4 के अनुसार भुगतान प्रमाण पत्रों को प्रस्तुत करेगा । मुख्य लेखाधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, लन्दन के माध्यम से यू० के० बैंक को भुगतानों की व्यवस्था करेगा ।

खंड 6—रुपया निक्षेप के लिए भारतीय बैंक के उत्तरदायित्व

(1) यू० के० सम्बद्ध बैंक से प्राप्त जहाज लदान प्रलेखों के साथ भुगतान के परामर्श की पावती के 7 दिनों के भीतर भारतीय सम्बद्ध स्टेट बैंक आफ इंडिया की नामित शाखा, आयातक से 18 रुपये 18 पैसे प्रति पौंड (नीचे की कंडिका (4) देखिए) की दर से आयात लागत के लिए रुपये में वसूल करेगा और ऊपर 6 प्रतिशत वार्षिक दर से सूद भी वसूल करेगा जो यू० के० बैंक द्वारा यू० के० संभरकों को दिए गए भुगतान की तारीख से लेकर निक्षेप किए गए समतुल्य रुपये की तारीख तक के लिए होगा ।

(2) उपर उल्लिखित धनराशि सम्बद्ध स्टेट बैंक आफ इंडिया नामित शाखा द्वारा रिजर्व बैंक आफ इंडिया नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इंडिया दिल्ली में भारत सरकार के खाते में निक्षेप किया जाना चाहिए या यदि यह संभव नही हो तो स्टेट बैंक आफ इंडिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली के नाम में निकालने के लिए दर्शनी हुंडी साधनों द्वारा प्रेषण किया जाना चाहिए। इसके बाद बीजक / पोत लदान प्रलेखो तथा उस विभाग का वह प्राधिकरण जो सौदे मे संबंधित है उनके संदर्भों का उल्लेख कर तथा उनकी प्रतियां संलग्न कर निक्षेप करने का साक्ष्यांकित करते हुए राज-कोष चालान रजिस्ट्री डाक द्वारा सहायता लेखा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, अर्थ कार्य विभाग, आर्थिक सहायता लेखा शाखा, जीवन दीप बिल्डिंग, 10, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को भेज दिया जाना चाहिए। भारत सरकार द्वारा मांग किए जाने पर सम्बद्ध स्टेट बैंक आफ इंडिया की नामित शाखा सेवाओं से सम्बन्धित अतिरिक्त खर्चों की ऐसी राशि को भी जो सरकार द्वारा मांगी जाए, मांग करने के सात दिनों के भीतर जमा करने की व्यवस्था उसी तरीके से करेगा। लाइसेंसधारी को भी यह चाहिए कि सार्वजनिक सूचना संख्या 18-1 आई टी सी (पी एन)/ 68, दिनांक 30-8-68 के अनुबन्ध - 2 में शामिल किए, गए ऐसे प्रपत्र की दो प्रतियों को भरे, और उसे उक्त सार्वजनिक सूचना में निहित प्रक्रिया के अनुसार, रुपया जमा करने के लिए व्यवस्था करते समय अपने बैंक को प्रस्तुत करे।

(3) सूद प्रभार को शामिल करते हुए वह राशि जो भारत सरकार के खाते में जमा की जानी है वह इस लेखा शीर्षक के अन्तर्गत जमा कराई जाएगी "सेक्शन टी —डिपोजिट एण्ड एडवान्सेज पार्ट 2 डिपोजिट — डिपोजिट नाट बियरिंग इन्टरेस्ट—(सी) अदर डिपोजिट एकाउन्टस — सिविल डिपोजिटस —डिपोजिटस् फार परचेजिस एब्राड फ्रोम यू के—परचेजेज अन्डर यू० के० लोन— परचेज अन्डर दी यू०के० /इंडिया कैपिटल इन्वैस्टमेंट लोन, 1971 एन एस आई सी सेगमेंट आफ वन मिलियन" और महालेखापाल, केन्द्रीय राजस्व, नई दिल्ली को लेखाधिकारी के रूप में दिखाया जाएगा जो इन खातों को समायोजित करेगा।

(4) उपर्युक्त मुद्रा दर अर्थात् 1 पौंड बराबर 18.18 रुपये पूर्व प्रचलित 'मिली-जुली' मुद्रा दर है और इसमें किसी प्रकार के परिवर्तन होने के स्थिति में भारत सरकार द्वारा जब और जैसा निश्चित किया जाएगा, उसे अधिसूचित कर दिया जाएगा।

खंड 7—आयात लाइसेंस के प्रयोग किए जाने के सम्बन्ध में रिपोर्ट

अनुबन्ध - 5 में सम्बद्ध प्रपत्र के रूप में लाइसेंस के उपयोग किए जाने की स्थिति को प्रदर्शित करत हुए एक मासिक रिपोर्ट प्रत्येक मास की 15 तारीख तक वित्तमंत्रालय अर्थ कार्य विभाग, आर्थिक सहायता लेखा शाखा, नई दिल्ली को (तथा औद्योगिक विकास और विभाग) विदेशी मुद्रा विनिमय साख अनुभाग, उद्योग भवन, नई दिल्ली को भी भेजनी चाहिए।

खंड 8—विविध अनदेश

य० के० संभरकों से धन वापसी.—लाइसेंसधारी द्वारा यदि किसी प्रकार की राशि य० के० संभरक अथवा गारन्टीकर्ता (बीमा कम्पनी आदि) से वापसी के रूप में या बीमा दावे की व्यवस्था के रूप में अथवा अन्यथा रूप से प्राप्त की जाती है, तो ऐसी राशि संभरक द्वारा यू० के० मे संबंधित बैंक को जिसके द्वारा प्रारम्भ में संभरक को भुगतान किया गया था) इन अनुदेशों के साथ वापिस की जानी चाहिए कि वे इस राशि को शीघ्र

ही सी० ए० ओ० भारत के उपयोग [illegible] को ऋण लेखे में जमा करने के लिए वापिस करें। इस प्रकार ऋण लेखा में जमा करने के पश्चात्, आयातक को रुपये में समतुल्य राशि वापिस करने की व्यवस्था आयातक द्वारा बांधे की एजेंसी द्वारा करनी [illegible] वित्त मंत्रालय द्वारा की जाएगी । यदि ऋण के समाप्त होने के पश्चात् कोई जानकारी प्राप्त होती [illegible] उसे संभरक द्वारा आयातक को सीधे ही अदा कर दिया जाएगा ।

जब कभी इस प्रकार की वापसी प्राप्त होती है तो उसकी रिपोर्ट वित्त मंत्रालय को भी भेजी जानी चाहिए और उसकी एक प्रति औद्योगिक विकास [illegible] आन्तरिक व्यापार मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) विदेशी मुद्रा अनुभाग, उद्योग भवन, [illegible] दिल्ली को भेजी जानी चाहिए ।

(2) **विशेष शर्तों के अधिरोपित किए जाने वाले संभरक** :—यदि आयात लाइसेंस में ऐसी कोई विशेष शर्तें हों जो कि संभरक [illegible] करार का पालन करने प्रभाव डालें, तो लाइसेंसधारी को चाहिए कि संभरक को इस से अवगत [illegible] दें ।

(3) **विवाद**:—यह जान लेना चाहिए कि लाइसेंसधारी और संभरकों के बीच कोई विवाद उठेगा तो भारत सरकार किसी प्रकार का उत्तरदायित्व [illegible] लेगी ।

(4) **भविष्य के लिए अनुदेश**.—आयात ला[illegible] इससे संबंधित किसी एक या सभी मामलों पर तथा ऋण करार के अन्तर्गत सभी प्रका[illegible] शर्तों को पूरा करने के संबंध में सरकार द्वारा जारी किए गए निदेशों, अनु- देशों या आदेशों [illegible] का पालन करेगा ।

(5) **उल्लंघन या अतिक्रमण**:—उपर्युक्त [illegible] में दी गई शर्तों के उल्लंघन या अतिक्रमण करने पर आयातनियंत्रण (नियंत्रण) अधिनियम [illegible] प्रयोग उचित कार्यवाही की जाएगी ।

खण्ड 9—शर्तों के अनुसार अनुबंध [illegible] **के पत्र**:—

अनुबंध 1	संविदा की अधिसूचना ।
अनुबंध 2	संविदा प्रमाण पत्र ।
अनुबंध 2 (बी)	संविदा प्रमाण पत्र (रसायनि[illegible]
अनुबन्ध 3	साख पत्र प्राधिकरण पत्र के [illegible] [illegible] पत्र का प्रारूप ।
अनुबन्ध 4	भुगतान प्रमाण पत्र ।
अनुबन्ध 5	आयात लाइसेंस के लिए अ[illegible] या उसका उपयोग किए जाने के सम्बन्ध में मासिक रिपोर्ट

अनुबंध 1

संविदा की अधिसूचना

यू० के०/भारत पूंजी निवेश ऋण, 1971

(10 लाख पौंड का एन० एस० आई० सी० सिम्बैंट)

सेवा में,

यू० क० सरकार

संविदा की अधिसूचना सं० यह प्रस्तावित किया जाता है कि उपर्युक्त ऋण की शर्तों के अनुसार भुगतान किया जाएगा

1. यू० के० संविदाकर्ता का नाम और पता
2. संविदा का दिनांक
3. भारतीय खरीदार का नाम
4. माल का संक्षिप्त ब्यौरा तथा/ अथवा कार्य अथवा सेवाएं ।
5. संविदा का मूल्य
6. भुगतान की शर्तें

आयातक की ओर से हस्ताक्षरित

दिनांक———————

अनुबन्ध 2

एफसीआरो (ओडीए) स्वीकृति सं०

यू०के०/भारत पूंजी निवेश ऋण, 1971

(10 लाख पौंड का एन० एस० आई० सी० सिम्बैंट)

संविदा प्रमाण-पत्र

संविदा का ब्यौरा

1. संविदा की तिथि———————2. संविदा सं०———————

3. खरीदार को दिए जाने वाले माल अथवा सेवाओं का विवरण

(यदि कई मदों की पूर्ति की जानी है, तो इस प्रमाण-पत्र के साथ उसकी एक विस्तृत सूची लगा देनी चाहिए ।)

4. क्रेता द्वारा देय कुल संविदा मूल्य (लागत-बीमा-भाड़ा, लागत तथा भाड़ा या जहाज पर निःशुल्क का उल्लेख कीजिए)

पौंड———————

यदि माल का संभरण किया जाना है, तो निम्नलिखित खंडो को पूरा करना अनिवार्य है । (यदि संविदाकर्ता केवल निर्यातक अभिकर्ता है, तो मांगी गई सूचना निर्माणकर्ता से प्राप्त करनी चाहिए)।

5. जो माल यू० के० मूल का नहीं है, परन्तु संविदाकार द्वारा सीधे बाहर से खरीदा गया है, तो जहाज पर नि.शुल्क मूल्य का अनुमानित प्रतिशत, जैसे आयातित कच्चे माल या निर्माण में उपयोग किए गए संघटकों का प्रतिशत

(क) प्रतिशत जहाज पर नि शुल्क मूल्य———————————————————

(ख) मदों का विवरण तथा संक्षिप्त विशिष्टिकरण ———————————————

6. यदि विदेश मूल के किसी कच्चे माल या संघटकों का उपयोग किया गया हो, जैसे ताम्बा, अदरक, कपास, लकड़ी लुगदी आदि, परन्तु संविदाकर्त्ता द्वारा इस संविदा के लिए इन की खरीद यू० के० में की गई है तो इनका उल्लेख करें :—

(क) प्रतिशत जहाज पर निशुल्क मूल्य ———————————————————

(ख) मदों का विवरण और संक्षिप्त विशिष्टिकरण———————————————
यदि सेवाएं प्रदान की जानी है, तो निम्नलिखित खंडों की पूर्ति की जानी चाहिए ।

7. नीचे लिखे द्वारा किए गए किसी काम या खरीदार के देश में निष्पादित सेवाओं का अनुमानित मल्य बताएं :—

(क) आय को फर्म (स्थल, अभिपन्ता खर्च आदि)———————————————

(ख) स्थानीय संविदाकर्ता ———————————————————————

8 उपर्युक्त कंडिका 5, 6, या 7 के सम्बन्ध में जैसा आवश्यक हो, अर्हक टिप्पणी———————

9. मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि नीचे लिखे संविदाकर्त्ता द्वारा मैं यू० के० में नियोजित किया गया हूं और इस प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकार मुझे प्राप्त हैं । मैं एतद्द्वारा यह जिम्मेदारी लेता हूं कि उपर्युक्त कडिका 5, 6, 7 तथा 8 में विशिष्टिकृत को छोड़कर किसी और ... सेवाओं का जो यू० के० मूल के नहीं हैं, संविदा के निष्पादन में संभरण नहीं किया गया है ।

हस्ताक्षरित——— ———————————

पद जिस पर वह है———————————

संविदाकर्त्ता का नाम और पता———————————
———————————

दिनांक ———————————

टिप्पणी : इस घोषणा के लिए यू० के० दि चैनल आइलैण्ड और आइल्ज आफ मैन को शामिल करता है ।

संविदाकर्त्ताओं को नोट कर लेना चाहिए कि माल का निर्माण तब तक नहीं किया जाना चाहिए जब तक उसकी स्वीकृति को अधिसूचित नहीं कर दिया गया है । (25,000 पौंड मूल्य से कम की संविदाओं के लिए लागू नहीं है ।)

केवल कार्यालय के प्रयोग के लिए परियोजना का नाम अथवा संख्या				भुगतान			
बकाया प्रविष्टि की राशि	तारीख	स्वीकृति दिनांक	आद्याक्षर	दिनांक	राशि	पी०ए० संख्या	आद्याक्षर

अनुबंध 2 (बी)

यू०के०/भारत पूंजी निवेश ऋण, 1971

(10 लाख पौंड का एन०एस०आई०सी० सिग्मेंट)

केवल रासायनिक तथा सम्बद्ध उत्पादों के लिए संविदा प्रमाण-पत्र

1. संविदा की तिथि————संविदा सं०————आयात लाइसेंस सं०——दिनांक——

2. खरीदार को संभरण किये जाने वाले उत्पाद (लों) का विवरण (टिप्पणी ए)	पौंड मूल्य	यू०के० दर-सूची वर्गीकरण सं०	क्या उत्पाद यू०के० मूल का है (टिप्पणी सी देखिए) हां या नहीं लिखिए

(टिप्पणी बी)

3. खरीदार द्वारा भुगतान की जाने योग्य कुल/अनुमानित/संविदा कीमत स्टरलिंग में————पौंड

4 (घोषणा) मैं एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि नीचे लिखे संविदाकर्ता द्वारा मैं यू०के० में नियोजन पर गया हूं और इस प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकार मुझे प्राप्त है और उपर्युक्त सत्य है ।

हस्ताक्षरित ————————

पद जिस पर है ————————

संविदाकर्ता का नाम और पता————

————————

दि० सं०————

टिप्पणी

ए. इस प्रपत्र का प्रयोग केवल रसायन तथा सम्बन्धित उत्पादो के लिए किया जाना है जिन में अधिकतर को यू०के० कर सूची के अध्याय 1 ,25,28 35 तथा 37–40 के उपयुक्त उप-शीर्षको द्वारा सम्मिलित किया गया है ।

बी० देखिए

(1) एच एम कस्टम तथा एक्साइज टैरिफ एच०एम०एस०ओ०

(2) ट्यूल नामावली ए०एम०एस०ओ० मे रसायनो का वर्गीकरण

सी (1) यदि उत्पाद पूर्णतया यू० के० देशो से माल तैयार किया गया है तो वह उत्पाद यू० के० मूल का समझा जाता है अथवा उपयुक्त 'ई एफ टी ए' विशेषक विधि के अनुसार पूर्णतया अथवा अशंत आयातित माल प्रयोग किया जाता है ।

(2) एच एस एम ओ निर्यातकों के प्रयोग के लिए ई एफ टी ए विशेषक विधि ई एफ टी ए सार संग्रह के सूचक एक में बताई गई है ।

(3) प्रस्तुत घोषणा के लिए इस पर बल दिया जाना है कि विकल्पी प्रतिशत निकष लागू नहीं होता है ।

(4) उपर्युक्त सूचक में जहां कही शब्द 'क्षेत्र मूल' आते हैं उनका तात्पर्य केवल यू० के० मूल से है ।

(5) प्रस्तुत घोषणा के लिए 'मूल माल की सूची' (ई एफ टी ए सार संग्रह का सूचक (3) लागू नहीं होता है ।

(6) यदि विषयाधीन माल के लिए विशेषक विधि सूचीबद्ध नही है तो यू० के० सरकार से सलाह ले लेनी चाहिए ।

डी इस घोषणा के लिए यू० के० चैनल आइलेन्ड तथा आईस आफ मैन को शामिल करना है ।

अनुबन्ध 3

(साख-पत्र प्राधिकरण के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप)

सेवा में,
वरिष्ठ लेखाधिकारी,
अर्थकार्य सहायता लेखा शाखा ।
वित्त मंत्रालय,
जीवन दीप बिल्डिंग,
पार्लियामेट स्ट्रीट,
नई दिल्ली ।

विषय :—यू० के० / भारत पूंजी निवेष ऋण 1971 (10 लाख पौंड का एन० एस० आई० सं० सिगमेंट) के अन्तर्गत यू० के० से ——————————का आयात ।

महोदय,

उपर्युक्त ऋण के लिए यू० के० से ——————का आयात करने के सम्बन्ध में हम निम्नलिखित विवरण भेजते हैं, जिससे आप हमे हमारे बैंकरों के माध्यम से आपके द्वारा मनोनीत यू० के० बैंक

में साख-पत्र खोलने के लिए प्राधिकरण जारी करने में समर्थ हो सके :—

(क) आयात लाइसेंस का विवरण मूल्य (रूपयों में)————————तिथि जब तक वैध है ।

संख्या और तारीख

(ख) लाइसेंस का स्टर्लिंग मूल्य (प्रति पौंड 18 रुपये की दर से पर)

(ग) यू०के०संभरक/संभरकों का नाम और पता बताते हुए दिए गए आदेश का स्टर्लिंग मूल्य जिसके लिए प्राधिकरण की जरूरत है और प्रत्येक संभरक के लिए (दिए गए आदेश और उसके लिए यू०के०संभरक की स्वीकृति की प्रति संलग्न की जानी है) अलग अलग अपेक्षित प्राधिकरण की धनराशि/राशियां ।

(घ) सम्बद्ध यू०के०बैंक का नाम जिसमें साख पत्र स्थापित किया जाना है ।

(ङ) उस भारतीय बैंक का नाम जिसमें बैंक गारन्टी दी है और जो साख पत्र खोलेगा ।

स्टेम्प एक्ट 1899 की धारा 31 में दी गई व्यवस्थाओं के अनुसार कलक्टर द्वारा विधिवत न्याय निर्णीत बैंक गारन्टी जो ————————द्वारा प्रस्तुत की गई है, संलग्न है ।

भवदीय

लाइसेंस धारी के हस्ताक्षर तथा पूरा पता

अनुबन्ध 4

यू०के०/भारत पूंजी निवेश ऋण, 1971 (10 लाख पौंड का एन० एस० आई० सी० सिग्मेंट)

भुगतान प्रमाण पत्र

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हुं कि

1. नीचे सूचीबद्ध किए गए बीजक में उल्लिखित भुगतान, वह या उसकी प्रतियां इस भुगतान प्रमाण पत्र के साथ लगी हैं, बाकी हैं या नीचे लिखे गए संविदाकर्त्ता और————————————————भागीदार————————के बीच संविदा संख्या ————————————— तारीख ————————— के सम्बन्ध में बाकी पूरे किए जाने वाले हैं, और संविदा प्रमाण पत्र के अन्तर्गत अधिसूचित इस संविदा के विवरण के अनुसार जो तारीख ————————————को उक्त संविदाकर्त्ता के नाम पर हस्ताक्षरित है ।

संविदाकर्त्ता के बीजक की संख्या	तारीख	धनराशि पौंड	माल कार्य और/या सेवाओं का संक्षिप्त विवरण

2. कंडिका (1) में जो धन-राशियां विशिष्टकृत की गई वे संविदा प्रमाण-पत्र की कंडिका 5, 6 अथवा 7 में बताई गई के लिए किसी अतिरिक्त विदेशी वस्तु को शामिल नहीं करती हैं।

3. नीचे लिखे संविदाकर्त्ता के नाम पर इस प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने का मुझे अधिकार है।

हस्ताक्षरित

पद जिस पर वह है———————

———————के लिए और के नाम पर

संविदाकर्त्ता का नाम और पता ———————

———————

तारीख ———————

टिप्पणी :—इस घोषणा के लिए यू० ए० ई०, चनल आफ आइल्ज और आइल्ज आफ मैन को शामिल करता है।

अनुबंध 5

यू० के० भारत पूंजी निवेश क्रम, 1971

(10 लाख पौंड का एन० एस० आई० सी० सिम्मट)

(प्रत्येक लाइसेंस के सम्बंध में अलग से भेजा जाना है)

1. आयात करने वाली फर्म का नाम.

2. यू० के० सारण का विवरण.

3. आयात लाइसेंस की संख्या और तिथि

4. आयात लाइसेंस का मूल्य.

5. वित्त मंत्रालय को अब तक पूरी संविदा प्रलेखों का जो मूल्य भेजा गया है (कृपया संविदा की संख्याओं और मूल्य का ब्यौरा दीजिए।)

6. यू० के० सरकार द्वारा स्वीकृत संविदाओं का मूल्य जैसा कि भारत के उच्चायोग द्वारा अधिसूचित किया जाता है।

7. यू० के० संभरक को किए गए भुगतान (अब तक)।

8. पहले से ही स्वीकृत हो चुकी संविदाओं के संबंध में अभी तक किए जाने वाले भुगतान।

9. यू०के० संभरकों को और आगे दिए जाने वाले आदेशों का मूल्य ।

10. अभ्यर्पण, यदि कोई हो ।

आयात करने वाली फर्म के प्राधिकृत
अधिकारी के हस्ताक्षर.

SUBJECT.—*Imports from U.S.A. and the newly eligible source countries under the U.S. AID Commodity Programme Assistance.*

No. 101-ITC(PN)/71.—Attention of the importers is invited to (1) Public Notice No. 94-ITC(PN)/69, dated the 12th June, 1969 governing import licences granted under AID Loan No. 386-H-196 (2) Public Notice No. 17-ITC(PN)/71, dated the 8th February, 1971 as amended by Public Notice No. 27-ITC(PN)/71, dated the 11th March, 1971, governing import licences granted under AID Loan No. 386-H-207, and Public Notice No. 181-ITC(PN)/69, dated the 14th November, 1969 governing imports under AID Loan No. 200.

2. One of the important conditions governing import licences under the U.S. AID Commodity Programme Assistance, as set out in the above mentioned Public Notices, is that the importers should submit a Notice to U.S. Business covering the proposed procurement in the prescribed form to the Department of Industrial Development (AID Section) for arranging publication in the AID-financed Export Opportunities Circular (also known as the AID Small Business Circular) and place orders only after giving consideration to offers received in response thereto until the bid closing date. If, for any reasons, such as the goods to be procured being proprietary to certain suppliers, the Notice to U.S. Business procedure cannot be complied with, the importers have to approach the Deptt. of Industrial Development and obtain a waiver thereof.

3. The question of eliminating the Notice to U.S. Business procedure has been under consideration for some time in consultation with AID Washington. It has now been decided to waive this procedure with immediate effect. Consequently importers holding AID licences need not hereafter submit a Notice to U.S. Business or apply for a waiver thereof. AID, Washington have instead published a list of Indian importers (arranged commodity-wise) under the AID Programme to facilitate interested suppliers in the U.S.A. and the newly eligible source countries to get in touch with Indian importers and submit offers. The list will be periodically revised and up dated by AID, Washington.

4. While importers under the AID Programme will now no longer have to comply with the requirement of Notice to U.S. Business, they should directly seek and obtain sufficient number of competitive offers from suppliers in the U.S.A. and the newly eligible source countries and place orders only after giving due consideration to these offers. Offers will be received in addition independently from interested suppliers on the basis of the list of Indian importers published by AID Washington. These offers must particularly be given due consideration. Complaints from suppliers that their offers were not given due consideration, if found justified will result in appropriate action against the importer concerned including insistance on compliance with the Notice to U.S. Business procedure for future imports under the AID Programme.

5. If offers are not called from several sources, the onus of establishing the reasonableness of this course of action will rest on the importers. Government reserve the right to call for details of the bids received and to examine the justification for placement of orders on the suppliers chosen.

6. The general waiver of the Notice to U.S. Business procedure announced in this Public Notice will apply to all private sector licensees and public sector agencies/undertakings granted licences for direct imports in the same manner as private sector units. Public sector agencies/undertakings importing against foreign exchange releases through the DGS&D, New Delhi and ISM, Washington will

continue to be governed by the formal competitive bid procedure. The State Trading Corporation of India Ltd., the Minerals & Metals Trading Corporation of India Ltd., the Hindustan Steel Ltd. and such other agencies of the Government, entrusted with effecting bulk imports as canalisation agencies, will also, as before, be governed by the formal competitive bid procedure.

7. Importers unable on their own to get in touch with likely U.S. suppliers may seek the assistance of the Commercial Offices in the various U.S. Consulates in the country. The U.S. Consulates in India maintain commercial libraries in New Delhi, Bombay, Madras and Calcutta. To locate possible suppliers in the newly eligible source countries, they may seek the assistance of the Indian Embassies concerned as well as that of the diplomatic Missions of these countries in India. If any importers are still unable to locate sources of supply, and prefer to invite bids by publishing the proposed procurement in the AID-financed Export Opportunities Circular it is open to them to submit a Notice to U.S. Business to the Ministry of Industrial Development (AID Section) as before for necessary action.

8. The general waiver of the Notice to U.S. Business procedure announced herein comes into effect immediately. However, wherever Notices to U.S. Business submitted by importers have been transmitted to AID, Washington for publication, quotations received in response to them must be given consideration as before.

9. The Public Notices mentioned in para 1 hereof may be deemed to have been modified suitably by this Public Notice.

10. Requests for clarifications in respect of the above announcement should be adddressed to the Ministry of Industrial Development (AID Section).

विषय :—संयुक्त राज्य अन्तर्राष्ट्रीय विकास अभिकरण पण्य कार्यक्रम सहयोग के अन्तर्गत संयुक्त राज्य अमरीका और नए पत्र उद्गम देशों से आयात ।

सं० 101 आई० टी० सी० (पी० एन०)/71.—आयातकों का ध्यान (1) सार्वजनिक सूचना संख्या 94—आई० टी० सी० (पी० एन०)/69, दिनांक 12 जून, 1969 जो ए० आई० डी० ऋण संख्या 386—एच०—196 के अन्तर्गत प्रदान किए गए आयात लाइसेंसों को शासित करती है, (2) सार्वजनिक सूचना संख्या 27—आई० टी० सी० (पी० एन०)/71, दिनांक 11 मार्च, 1971 द्वारा यथा संशोधित सार्वजनिक सूचना संख्या 17—आई० टी० सी० (पी० एन०)/71, दिनांक 8 फरवरी, 1971 जो ए० आई० डी० ऋण संख्या 386-एच०—207 के अन्तर्गत जारी किए गए आयात लाइसेंसों को शासित करती है और सार्वजनिक सूचना संख्या 181—आई०टी०सी० (पी० एन०)/69, दिनांक 14—11—1969 जो ए०आई० डी० ऋण संख्या 200 के अन्तर्गत आयातों को शासित करती है, की ओर आकृष्ट किया जाता है ।

2. संयुक्त राज्य ए० आई० डी० पण्य कार्यक्रम सहयोग के अन्तर्गत आयात लाइसेंसों को शासित करने वाली शर्तों में से एक शर्त जो उपर्युक्त उल्लिखित सार्वजनिक सूचना में दी गई है, यह है कि आयातकों को चाहिए कि प्रस्तावित अधिप्राप्ति को शामिल करते हुए यू० एस० व्यापार के लिए निर्धारित प्रपत्र में औद्योगिक विकास (ए० आई० डी० अनुभाग) को ए० आई० डी० अर्थयुक्त एक्सपोर्ट आपरचुनिटीज सरकुलर (जो ए० आई० र० स्माल व्युजिनेस सरकुलर के रूप में भी जाना जाता है) में प्रकाशन की व्यवस्था करने के लिए एक नोटिस प्रस्तुत करना चाहिए और जब तक बोली लगाने की तिथि नहीं समाप्त हो जाती, तो आदेश केवल उसके प्रत्युत्तर में प्राप्त प्रस्तावों के लिए विचार करने के बाद ही देने चाहिए । यदि किसी कारणवश, जैसे जिस माल की अधिप्राप्ति की जाने वाली है, वह किसी संभरक के स्वामित्व में है, यू० एस० व्यापार प्रक्रिया के साथ नोटिस का अनुपालन नहीं किया जा सकता और आयातकों को औद्योगिक विकास विभाग से सम्पर्क स्थापित करना है और उससे छूट प्राप्त करना है ।

3. यू० एस० व्यापार प्रक्रिया के लिए नोटिस को निस्तर करने के प्रश्न को कुछ समय के लिए ए० आई० डी०, वाशिंगटन से विमर्श कर विचाराधीन रखा गया है, अब यह निश्चय किया गया है कि इस प्रक्रिया को अतिशीघ्र खतम कर दिया जाए। उसके परिणामस्वरूप उन आयातकों को जिनके पास ए० आई० डी० लाइसेंस है, उन्हें इसके बाद यू० एस० व्यापार के लिए नोटिस प्रस्तुत करने या उसकी छूट के लिए आवेदन करने की जरूरत नहीं है । ए० आई० डी०, वाशिंगटन ने इसके स्थान पर ए० आई० डी० कार्यक्रम के अन्तर्गत संयुक्त राज्य अमरीका में दिलचस्पी रखने वाले सम्भरकों तथा नए पात्र उद्गम देशों के लिए सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय आयातकों के सम्पर्क में रहने तथा प्रस्ताव भेजने के लिए भारतीय आयातकों (पण्यवार व्यवस्थित) की एक सूची प्रकाशित की है। ए० आई० डी० वाशिंगटन द्वारा सूची का आवधिक संशोधन किया जाएगा और उसको आयतन बनाया जाएगा ।

4. जब ए० आई० डी० कार्यक्रम के अन्तर्गत आयातकों को अब यू० एस० व्यापार के लिए नोटिस की अपेक्षाओं का अनुपालन बहुत दिनों तक नहीं करना है, तो उन्हें चाहिए कि संयुक्त राज्य अमरीका के तथा नए पात्र उद्गम देशों के सम्भरकों से प्रातियोगिक प्रस्तावों की पर्याप्त संख्याओं की तलाश करे और उसे प्राप्त करें तथा इन प्रस्तावों पर आवश्यक विचार करने के बाद ही आदेश दें। इसके अलावा प्रस्ताव स्वतन्त्र रूप से भी दिलचस्पी रखने वाले सम्भरकों से ए० आई० डी० द्वारा प्रकाशित की गई भारतीय आयातकों की सूची के आधार पर प्राप्त किए जाएंगे इन प्रस्तावों पर विशेष रूप से आवश्यक ध्यान दिया जाना चाहिए । सम्भरकों से यह शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि उनके प्रस्तावों पर उचित ध्यान नहीं दिया जाता । यदि इसे उचित पाया गया तो इसके परिणामस्वरूप सम्बद्ध आयातकों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में ए० आई० डी०, कार्यक्रम के अन्तर्गत आयात के लिए यू० एस० व्यापार की नोटिस के अनुपालन करने पर भी जोर दिया जाएगा ।

5. यदि प्रस्ताव बहुत से उद्गमों से नहीं मांगे जाते तो इस विषय की कार्रवाई का औचित्य मुस्थापित करने की जिम्मेदारी आयातकों पर ही होगी । सरकार को यह अधिकार है कि वह प्राप्त की गई बोलियों के विवरण की मांग करे और सम्भरकों के चुनाव पर आदेश दिए जाने के औचित्य की जांच करें ।

6. यू० एस० व्यापार प्रक्रिया के लिए नोटिस से सामान्य छूट की जो घोषणा इस सार्वजनिक सूचना में की गई थी, वह सभी निजी क्षेत्र के लाइसेंसों और सार्वजनिक क्षेत्र के अभिकरणों/निजी क्षेत्र एककों को जिस विधि से लाइसेंस दिए गए हैं, उसी विधि पर सीधे आयात के लिए दिए गए उपक्रमों के लाइसेंस के लिए भी लागू होगी। सार्वजनिक अभिकरण/उपक्रम जो विदेशी मुद्रा निकासी के मद्दे डी० जी० एस० एंड डी०, नई दिल्ली तथा आई० एस० एम० वाशिंगटन के माध्यम से आयात कर रहे है, उन पर औपचारिक प्रातियोगिक बोली प्रक्रिया का लागू होना जारी रहेगा । राज्य व्यापार निगम भारत लि०, खनिज और धातु व्यापार निगम, भारत लि०, हिन्दुस्तान स्टील लि० और ऐसे ही सरकारी अभिकरण जो सरणीबद्ध करने वाले अभिकरण के रूप में अम्बार में आयात करने के लिए व्यस्त हैं, वे भी, पहले ही जैसा औपचारिक प्रातियोगिक बोली प्रक्रिया द्वारा शासित होगें ।

7. वे आयातक जो अपने आप संभावित यू० एस० सम्भरकों से सम्पर्क स्थापित करने में असमर्थ हैं, तो वे उस देश में विभिन्न यू० एस० कांसुलेटों के वाणिज्यिक अधिकारियों का सहयोग ले सकते हैं। भारत में यू० एस० कांसूलेट की लाइब्रेरी नई दिल्ली, बम्बई, मद्रास और कलकत्ता में है। नए पात्र उद्गम देशों में सम्भावित सम्भरकों का पता लगाने के लिए वे सम्बद्ध भारतीय राजदूतावासों की सहायता ले सकते हैं, साथ ही साथ इन देशों के राजनयिक मिशनों से भी सहायता ले सकते हैं। इतने पर भी कोई आयातक सम्भरक का उद्गम पाने में असमर्थ हैं, और वे प्रस्तावित अभिप्राप्ति को ए० आई० डी० अर्थयुक्त एक्सपोर्ट आपरचुनिटीज सरकुलेशन मे प्रकाशित करा कर बोलियां आमंत्रित करना चाहते हैं, तो आवश्यक कार्रवाई के लिए पहले जैसा ही, यू० एस० व्यापार के लिए नोटिस उद्योग विकास मंत्रालय (ए० आई० डी० अनुभाग) को प्रस्तुत करने में कोई बन्धन नहीं है।

8. यू० एस० व्यापार प्रक्रिया के लिए नोटिस की सामान्य छूट जिसकी घोषणा इसमें की गई है, वह शीघ्र प्रभावी होगी। लेकिन, जहां कहीं भी, आयातकों द्वारा यू० एस० व्यापार के लिए जो नोटिस प्रस्तुत किया गया है उसे ए० आई० डी०, वाशिंगटन को प्रकाशनार्थ भेजा गया है, उसे प्रकाशित कर दिया गया है। परेषित कर दिया गया है। उनके प्रत्युत्तर में जो निवेदित दरें प्राप्त हुई है, उन पर ध्यानपूर्वक दिया जाना चाहिए।

9. इसकी उपर्युक्त कंडिका 1 में जो सार्वजनिक सूचना दी गई है उसे इस सार्वजनिक सूचना द्वारा उपयुक्त रूप से आशोधित समझा जाए।

10. उपर्युक्त घोषणा के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण के लिए आवेदन-पत्र औद्योगिक विकास मंत्रालय (ए० आई० डी० अनुभाग) को सम्बोधित किए जाने चाहिए।

SUBJECT.—*West Coast Dock Strike in U.S.A. Revalidation of import licences.*

No. 102-ITC(PN)/71.—It has been reported that shipment of goods from the *West Coast* of the United States of America has been delayed/affected following a dock strike commencing from 1st July, 1971.

2. The question of revalidation of import licences affected by the strike has been considered and it has been decided that import licences which expired on 30th June, 1971 *including* the usual thirty days grace period will be deemed to have been automatically revalidated upto 30th September, 1971 (*exclusive* of the thirty days grace period) until further instructions, subject to the following conditions:—

(i) The automatic revalidation announced above will be applicable only to cases where shipments are scheduled to be made from the U.S. West Coast and limited to the extent of Letters of Credit already established or commitments already made for such shipments.

(ii) In the case of licences granted under the U.S.A. AID Non-Project Loans, the automatic revalidation announced above will be *further* limited to cases in which either the Letters of Credit opened are under AID Loans No. 386-H-207 or No. 386-H-212 or Family Planning Grant No. 386-H-601 or, if imports are under credit facilities, the order on the U.S. Suppliers has been placed on or after 1st January, 1970.

3. Licences need not be presented to the Licensing Authorities for revalidation. Clearance will be allowed by the customs authorities automatically on the strength of this Public Notice. Holders of licences under the U.S. AID Non-Project Loans other than *these importing under credit facilities should, however,* approach the Ministry of Finance (Deptt. of Economic Affairs) (Economic Aid Accounts Section) for corresponding extension in the validity of the authorisation letters for opening

letters of credit, with a letter, where necessary, from the bank which furnished the relative bank guarantee, extending the basic validity of the guarantee upto 30th November, 1971

Sd. M M SEN,
Chief Controller of Imports & Exports

विषय .— यू० एस० ए० मे पश्चिम समुद्रतट पर गोदी हड़ताल - आयात लाइसेंसो का पुनर्बंधीकरण ।

सं० 102-आई० डी० सी० (पी० एन०)/71.—इस बात का समाचार मिला है कि संयुक्त राज्य अमरीका के पश्चिमी समुद्रतट पर गोदी हड़ताल होने के कारण जोकि 1 जुलाई, 1971 को शुरू हुई थी, माल के जहाज लदान विलम्बित/प्रभावित हुए हैं ।

2. उपयुक्त हड़ताल से प्रभावित आयात लाइसेंसो के पुनर्बंधीकरण के प्रश्न पर विचार किया गया है और यह निश्चय किया गया है कि वे आयात लाइसेंस जिनकी अवधि 30 जून, 1971 को जिसमे सामान्य 30 दिन की रियायती अवधि भी शामिल है, समाप्त हो गई थी, वे स्वत 30 सितम्बर, 1971 तक (जिसमे 30 दिन की रियायती अवधि शामिल नही है) आगामी अनुदेशो के जारी होने तक और निम्नलिखित शर्तों के अधीन पुनर्बंध किए गए समझे जाएगे .—

(1) उपर्युक्त घोषित स्वत: पुनर्बंधीकरण केवल उन मामलो मे लागू होगा जिनमे यू० एस० पश्चिमी समुद्रतट से लदान नियत किए जाने है और उन मामलो तक सीमित होगा जिनमे साख-पत्र पहले से ही स्थापित कर दिए गए है या उन मामलो के लिए जिनमे ऐसे लदानो के लिए पहले से ही वचन दे दिए गए है ।

(2) यू० एस० ए० आई० डी०गैर-परियोजना ऋण के अन्तर्गत स्वीकृत किए गए लाइसेंसो के मामले मे, उपर्युक्त स्वत पुनर्बंधीकरण उन मामलो मे और सीमित होगा जिनमे खोले गए साख पत्र ए० आई० डी० ऋण स० 386-एच - 207 के अन्तर्गत या स० 386-एच - 212 या परिवार नियोजन अनुदान स 386- एच - 601 के अन्तर्गत आते है या अगर साख सुविधा के अन्तगत आयात किए गए है और यू० एस० सभरको के लिए आदेश 1 जनवरी, 1970 अथवा उसके बाद दे दिए गए हैं ।

3 लाइसेंसो को पुनर्बंधीकरण के लिए लाइसेंस प्राधाकारियो को प्रस्तुत करने की कोई आवश्यकता नही है । प्रस्तुत सार्वजनिक सूचना के आधार पर सीमा-शुल्क प्राधिकारियो द्वारा स्वत निकासी की स्वीकृति दी जाएगी । लेकिन साख-सुविधा के अन्तर्गत आयात करने वालो के अलावा य० एस० ए० आई० डी० गैर-परियोजना के अन्तर्गत आने वाले लाइसेंसधारियो को चाहिए कि वे साख पत्र खोलने के सबध मे प्राधिकरण पत्र की वैधता मे अनुकूल वृद्धि के लिए जहा आवश्यक हो उस बैंक के एक पत्र के साथ जिसने सबधित बैंक गारन्टी दी थी जिसमे गारन्टी की मूल वैधता अवधि को 30 नवम्बर, 1971 तक बढ़ाया गया था, वित्त मत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) (आर्थिक सहायता लेखा अनुभाग) को आवेदन करे ।

एम० एम० सेन,
मुख्य नियत्रक, आयात-निर्यात ।

PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE MANAGER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1971